Hindi

# अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थियों के लिए कल्याण और सुरक्षा

अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थियों और उनके परिवारों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी

Te Oranga me Te Haumaru Ākonga

Learner Wellbeing and Safety

NZQA
Mana Tohu Mātauranga o Aotearoa
New Zealand Qualifications Authority

# यह पुस्तिका न्यूज़ीलैंड की शिक्षा (उच्चतर और अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थियों के लिए पैस्टोरल देखभाल) कार्य संहिता 2021 (कोड) का एक सारांश है।

## कोड क्या है?

कोड का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थियों की सुरक्षा करना है। यह सुनिश्चित करता है कि छात्र के रूप में उनका अनुभव सुखद रहे और उन्हें अपने लक्ष्यों को पूरा करने में सहायता प्राप्त हो।

कोड के अंतर्गत, आपके विद्यालय के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि आपका स्वागत किया जाता है, आप सुरक्षित रहें, और आपकी उचित देखभाल की जाए।

## कोड किसके लिए है?

कोड न्यूज़ीलैंड के विद्यालयों में भर्ती होने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थियों पर लागू होता है। इसमें न्यूज़ीलैंड में ऑनलाइन या अपतटीय रूप से अध्ययन करने वाले शिक्षार्थी शामिल हैं।

कोड न्यूज़ीलैंड के शिक्षा प्रदाताओं के साथ अध्ययन करने वाले सभी उच्चतर शिक्षार्थियों पर भी लागू होता है।

न्यूज़ीलैंड अर्हता प्राधिकरण (NZQA) न्यूज़ीलैंड सरकार के लिए कोड का प्रशासक है। (NZQA) विद्यालयों द्वारा कोड के अनुपालन का निरीक्षण और समर्थन करता है।

न्यूज़ीलैंड में, केवल वे विद्यालय जो कोड के हस्ताक्षरकर्ता हैं, अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थियों को भर्ती कर सकते हैं। क्या कोई विद्यालय मान्यताप्राप्त कोड हस्ताक्षरकर्ता है या नहीं इसकी आप NZQA वेबसाइट: https://www.nzqa.govt.nz/providers/index.do पर जाँच कर सकते है

## मैं कोड की एक प्रति कैसे प्राप्त करूं?

कोड NZQA वेबसाइट पर उपलब्ध है। कोड के बारे में अधिक जानकारी और सलाह के लिए, ईमेल के माध्यम से हमारी टीम के सदस्य से संपर्क करें: code.enquiries@nzqa.govt.nz

देखें शिक्षार्थी कल्याण और सुरक्षा के लिए कोड (PDF, 925KB)

## कोड क्या कहता है?

कोड अपने अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थियों के कल्याण के लिए न्यूज़ीलैंड प्रदाताओं से अपेक्षित देखभाल के मानक निर्धारित करता है।

### कोड के 13-22 परिणाम विद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थियों के लिए हैं:

परिणाम 13 – **विपणन और प्रचार** यह सुनिश्चित करता है कि आप और आपके परिवार को न्यूज़ीलैंड में रहना और अध्ययन करना कैसा होगा इसकी एक पूर्ण और यथार्थ जानकारी हो।

परिणाम 14 – **शिक्षा प्रतिनिधियों का व्यवस्थापन और निरीक्षण** सुनिश्चित करता है कि शिक्षा प्रतिनिधि आप और आपके परिवार को विश्वसनीय जानकारी और समर्थन दें।

परिणाम 15 – **प्रस्ताव, भर्ती, अनुबंध, और बीमा** सुनिश्चित करता है कि आपके विद्यालय में अच्छी प्रणालियाँ और प्रलेखन स्थापित हैं जो आपके लिए निम्न बातों की व्यवस्था करते है:

- अध्ययन का प्रस्ताव
- भर्ती की प्रक्रिया
- भर्ती का अनुबंध
- वीज़ा एवं बीमा स्थिति और अभिलेख।

भर्ती के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाने से पहले, आपके विद्यालय को यह सुनिश्चित करना होगा कि आप और आपके परिवार के लिए आपके संभावित शैक्षिक परिणाम और एक अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थी के रूप में आपके अधिकार और जिम्मेदारियाँ स्पष्ट हैं।

परिणाम 16 – **आव्रजन मामले** सुनिश्चित करते हैं कि आपका विद्यालय आश्वस्त है कि आपकी भर्ती से पहले आप न्यूज़ीलैंड में अध्ययन करने के लिए आव्रजन आवश्यकताओं की पूर्ति करते है।

परिणाम 17 – **अभिविन्यास** यह सुनिश्चित करता है कि आप न्यूज़ीलैंड में बसने और अध्ययन करने में आपकी सहायता के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम में भाग लेते हैं।

परिणाम 18 – **सुरक्षा और कल्याण** सुनिश्चित करता है कि आपके न्यूज़ीलैंड में रहते और अध्ययन करते समय आप सुरक्षित और सलामत हैं।

परिणाम 19 – **शिक्षार्थी समर्थन, सलाह, और सेवाएं** सुनिश्चित करती हैं कि आपके पास न्यूज़ीलैंड में रहने और सफलतापूर्वक अध्ययन करने के लिए आवश्यक जानकारी है।

परिणाम 20 – **पढ़ाई रोकने और समापन का व्यवस्थापन** सुनिश्चित करता है कि आप और आपका परिवार यदि आप विद्यालय में पढ़ाई रोक देते हैं, उपस्थित नहीं होते हैं, या आपका विद्यालय किसी कार्यक्रम को रद्द करता है या किसी भी कारण से बंद हो जाता है तो आप अपने अधिकारों और दायित्वों को समझते है।

परिणाम 21 – **शिकायतों का निपटान** सुनिश्चित करता है कि आपके पास किसी भी शिकायत को हल करने के लिए पारदर्शी, सुलभ और प्रभावी प्रक्रियाएं मौजूद हैं।

परिणाम 22 – **अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थी अनुबंध विवाद समाधान योजना (डीआरएस) का अनुपालन यह** सुनिश्चित करता है कि आपका विद्यालय अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थियों के लिए उपलब्ध विवाद समाधान योजना (डीआरएस) से परिचित है, और इसके नियमों का अनुपालन करता है।

## अगर कुछ गड़बड़ हो जाए तो?

यदि आपको अपने विद्यालय या शिक्षा प्रतिनिधि के बारे में चिंता है, तो तुरंत अपने विद्यालय से संपर्क करें और उनकी शिकायत प्रक्रिया का पालन करें।

कोड के अंतर्गत, विद्यालयों के पास शिकायतों को सुनने और जवाब देने के लिए एक स्पष्ट और निष्पक्ष आंतरिक प्रक्रिया होनी आवश्यक है।

आपके विद्यालय के पास एक नामित व्यक्ति होगा जिससे आप अपनी शिकायत के बारे में बात कर सकते हैं। यह काम प्राचार्य या अंतरराष्ट्रीय छात्र निदेशक द्वारा किया जा सकता है।

यदि आप अपने विद्यालय की शिकायत प्रक्रिया या अपनी शिकायत के परिणाम से नाखुश हैं, तो आप यहाँ संपर्क कर सकते हैं:

- NZQA (कोड का पालन नहीं करने वाले विद्यालय के बारे में शिकायतों के लिए) या
- iStudent Complaints (पैसे या अनुबंधों के बारे में शिकायतों के लिए)।

## क्या आपकी किसी विद्यालय द्वारा कोड का पालन नहीं किए जाने के बारे में कोई शिकायत है?

क्या आपकी किसी विद्यालय द्वारा कोड का पालन नहीं किए जाने के बारे में कोई शिकायत है?

कोड प्रशासक के रूप में, NZQA के पास कोड के संभावित उल्लंघनों की जांच करने का कानूनी अधिकार है। उनके पास किसी शिकायत की वैधता का और विद्यालय द्वारा कोड के गैर-अनुपालन का पता लगाने के लिए एक प्रक्रिया है। इसमें शिकायत करने वाले छात्र और शिक्षा प्रदाता दोनों से जानकारी प्राप्त करना शामिल है।

शिकायत करने का तरीका जानने के लिए, NZQA वेबसाइट www.nzqa.govt.nz/about-us/make-a-complaint/make-a-complaint-about-a-provider/ देखें

## क्या आपकी कोई वित्तीय या अनुबंध से संबंधित मुद्दों के बारे में कोई शिकायत है?

iStudent Complaints न्यूज़ीलैंड सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वतंत्र सेवा है जो आपको शिक्षा प्रदाता के साथ वित्तीय या अनुबंध से संबंधित मुद्दे के बारे में हुए विवादों को हल करने में मदद कर सकती हैं। यह सेवा मुफ्त है।

| **iStudent complaints से संपर्क करें** | |
|---|---|
| **वेबसाइट** | www.istudent.org.nz |
| **ईमेल** | complaints@istudent.org.nz |
| **अंतरराष्ट्रीय फोन नंबर** | 64 4 918 4975 |
| **फ्रीफोन (न्यूज़ीलैंड के भीतर)** | 0800 00 66 75 |
| **सोशल मीडिया पर** | |
| **फेसबुक** | www.facebook.com/istudent.complaints |
| **वीचैट** | (केवल चीनी भाषा में 'NZ iStudent Complaints' की खोज करें) |
| **डाक पता** | |
| iStudent Complaints | PO Box 2272<br>Wellington 6140<br>New Zealand |

Mana Tohu Mātauranga o Aotearoa
New Zealand Qualifications Authority

Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government